चिकित्सा यात्रा हेतु आयुष वीज़ा

सरोत: पी.आई.बी

हाल ही में आयुष मंत्रालय ने **आयुष वीज़ा** पर ध्यान केंद्रित किया है, जो **भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों** के तहत उपचार चाहने वाले विदेशियों हेतु **मेडिकल वैल्यू ट्रैवल वीज़ा** को बढ़ावा देने की एक पहल है।

- **आयुष वीज़ा: वर्ष 2023** में चार उप-श्रेणियों के साथ आयुष वीज़ा की शुरुआत की गई: आयुष वीज़ा (AY-1), आयुष अटेंडेंट वीज़ा (AY-2), ई-आयुष वीज़ा और ई-आयुष अटेंडेंट वीज़ा।
- **उद्देश्य: विदेशियों को** मान्यता प्राप्त अस्पतालों या कल्याण केंद्रों में चिकित्सीय देखभाल एवं आयुष प्रणालियों के माध्यम से उपचार प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना।
- **मान्यता:** अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाता हेतु राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NABH), राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (NCH) एवं **भारतीय चिकित्सा प्रणालियों के लिये राष्ट्रीय आयोग (NCISM)** द्वारा मान्यता प्राप्त आयुष सेवाएँ प्रदान करने वाले अस्पतालों में उपचार उपलब्ध है।
- **मेडिकल वैल्यू ट्रैवल हेतु पहल:**
  - **एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया पोर्टल:** भारत में चिकित्सा या स्वास्थ्य उपचार चाहने वाले विदेश के लोगों हेतु वन-स्टॉप पोर्टल।
  - **आयुष मेडिकल वैल्यू ट्रैवल सम्मेलन 2024:** सितंबर 2024 में मुंबई में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में पारंपरिक भारतीय चिकित्सा को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

और पढ़ें: चिकित्सा एवं कल्याण पर्यटन हेतु राष्ट्रीय रणनीति तथा रोडमैप

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayush-visa-for-medical-value-travel